न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर (राज.)

पीठासीन अधिकारी :- श्री रामरख मीना RAS

दायर दिनांक :-26.02.2019

प्रकरण संख्या:-20/2019

मांगीलाल पुत्र मघाराम जाति जाट निवासी बाना तहसील श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर —वादी

-:बनाम:-

1. मघाराम पुत्र फरसाराम
2. सहीराम
3. सीताराम पुत्र/पुत्री मघाराम
4. पारा

जाति जाट निवासी बाना तहसील श्रीडूगरगढ़ जिला बीकानेर

5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व, श्रीडूंगरगढ
6. उप पजीयक श्रीडूगरगढ़

—प्रतिवादीगण

दावा बाबत विभाजन एवं स्थायीनिषेधाज्ञा अन्तर्गत आर.टी.एक्ट 1955 धारा 53,88,188

उपस्थित:-
1. श्री राजूराम बाना अभिभाषक वादी
2. श्री बंजरगलाल अभिभाषक प्रतिवादी संख्या 1 ता 4
3. श्री राज पेरापकार

निर्णय दिनांक :-18.03.2019

वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादी एवं प्रतिवादी के विरास्तन के खातेदारी भूमि खसरा नंबर 63 तादादी 4.4600 हैक्टेयर रोही केऊ, खसरा नम्बर 54 तादादी 6.8200 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 55 तादादी 0.0100 हैक्टेयर, खसरा नंबर 56 तादादी 3.0200 हैक्टेयर, खसरा नंबर 63 तादादी 1.0100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 64 तादादी 5.9900 हैक्टेयर रोही बाना तहसील श्रीडूंगरगढ़ में स्थित है। वादगत खेतों का आपसी पारिवारिक विभाजन में वादी एवं प्रतिवादी के मध्य हो चुका है जो निम्न सारणी के अनुसार है:-

क्रस.	नाम	रोही	खसरा नम्बर	तादादी	हिस्सा	टिप्पणी
1	मागीलाल	केऊ	63	4.4600	2.6200	उतरी
		बाना	55	0.0100	0.0100	सम्पूर्ण
			56	3.0200	3.0200	सम्पूर्ण
			54	6.8200	1.9000	पश्चिमी
			4	कुल	7.5500	29.16 बीघा
2	सीताराम	केऊ	63	4.4600	1.8400	दक्षिणी
		बाना	54	6.8200	4.9200	पूर्वी
			2	कुल	6.7600	26.14 बीघा
3	सहीराम	बना	63	0.0100	0.0100	सम्पूर्ण
			64	5.9900	5.9900	सम्पूर्ण
			2	कुल	6.00	23.13 बीघा

उक्त वादगत खेतो का वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 3 के मध्य आपसी पारिवारिक विभाजन हो चुका है वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 3 में उपरोक्त सारणी के अनुसार हिस्से पांती में आये हुए है तब से लगातार वादी का कब्जा—काश्त एवं उपयोग उपभोग शान्तिपूर्वक चला आ रहा है। वादगत भूमि में हक वादी का कब्जा काश्त होंने से आपसी पारिवारिक विभाजन के मुताबिक बनता है। अतः दावा प्रस्तुत कर श्रीमान्जी से निवेदन है कि खसरा नंबर 54 तादादी 6.8200 हैक्टेयर में से 1.9000 हैक्टेयर पश्चिमी, खसरा नम्बर 55 तादादी 0.0100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 56

उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

Scanned by CamScanner

तादादी 3.0200 हैक्टेयर सम्पूर्ण रोही बाना खसरा नम्बर 63 तादादी 4.4600 हैक्टेयर में से 2.6200 हैक्टेयर उतरी रोही केऊ प्रतिवादी संख्या 2 सीताराम को खसरा नम्बर 63 तादादी 4.4600 हैक्टेयर में से 1.8400 हैक्टेयर दक्षिणी, खसरा नम्बर 54 तादादी 6.8200 हैक्टेयर में से 4.9200 हैक्टेयर पूर्वी रोही बाना तथा प्रतिवादी संख्या 3 सहीराम को खसरा नम्बर 63 तादादी 0.0100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 64 तादादी 5.9900 हैक्टेयर रोही बाना के खातेदार घोषित किया जाकर अलग से खाता विभाजन किया जावे व तद्नुसार ही राजस्व रिकार्ड व राजस्व अक्स में तरमीम किया जावे।

वाद दर्ज रजिस्टर कर नोटिस जारी किये गये। प्रतिवादीगण की और से जबाबदावा मय राजीनामा प्रस्तुत किया गया एवं निवेदन किया गया कि वादगत खेतों का विभाजन एवं खातेदारी वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 3 के मध्य सारणी के अनुसार कर दिया जावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया दावा जबाबदावा के अनुसार वादगत खेत वादी एवं प्रतिवादीगण के विरास्त के खेत है जिनका वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 3 ने बराबर बराबर हिस्से में आपसी सहमति से विभाजन कर रखा है विभाजन के अनुसार ही काश्त कर रखा है जिसको वादी एवं प्रतिवादीगण निम्न सारणी के अनुसार वादगत खेतो का पारिवारिक समझौता के अनुसार घोषणा एवं विभाजन किया जाना न्यायालय उचित समझता है।

अतः वादी एवं प्रतिवादी का का निम्न प्रकार से खाता विभाजन किया जाता है:-

क्रस.	नाम	रोही	खसरा नम्बर	तादादी (हैक्टेयर में)	हिस्सा (हैक्टेयर में)	टिप्पणी (दिशा)
1	मागीलाल	केऊ	63	4.4600	2.6200	उतरी
		बाना	55	0.0100	0.0100	सम्पूर्ण
			56	3.0200	3.0200	सम्पूर्ण
			54	6.8200	1.9000	पश्चिमी
			4	कुल	7.5500	29.16 बीघा
2	सीताराम	केऊ	63	4.4600	1.8400	दक्षिणी
		बाना	54	6.8200	4.9200	पूर्वी
			2	कुल	6.7600	26.14 बीघा
3	सहीराम	बना	63	0.0100	0.0100	सम्पूर्ण
			64	5.9900	5.9900	सम्पूर्ण
			2	कुल	6.00	23.13 बीघा

तहसीलदार श्रीडूगरगढ़ उपरोक्त सारणी अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर मौके कब्जे अनुसार विभाजन कर तरमीम करे। वादगत खसरानो में रहन यथावत रहेगा। डिक्री जारी हों ।

आज दिनांक 18.03.2019 को निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) सत्यमेव जयते

(रामरख मीना RAS)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीडूंगरगढ़ जिला-बीकानेर(राज.)

उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

Scanned by CamScanner